कार्यालय अधिशाषी अभियंता, खण्ड कार्यालय
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) महोबा-210427
email id : eecivilmahoba_upjn@yahoo.com
eecivilmahoba.upjn.rural@gmail.com
Contact No. (E.E.) : +91-9473942756
डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांकः 5548 / W-9 / 19 दिनांकः 25-07-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदया
महोबा।

विषय :- **ई-पेपर दैनिक अमर उजाला में दिनांक 30.06.2026 को प्रकाशित खबर "पेयजल समस्याओं का तत्काल करायें निस्तारण" के सम्बंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई-पेपर दैनिक अमर उजाला में दिनांक 30.06.2026 को प्रकाशित खबर **"पेयजल समस्याओं का तत्काल करायें निस्तारण"** के क्रम में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद महोवा में 05 नग ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य कराया गया। जिसमें से 04 नग योजनाऐं ( क्रमशः शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना, लहचूरा-काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना, सलइया-नथुपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना, कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना) अनुरक्षण एवं संचालन चरण में है एवं 01 नग योजना (धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना) ट्रॉयल एण्ड रन चरण में है। योजनान्तर्गत जनपद के 343 ग्रामों के सापेक्ष 335 ग्रामों में पेयजलापूर्ति की जा रही है एवं शेष 08 ग्राम की रोड चौड़ीकरण तथा ग्राम के अन्दर कराये गये कार्यों के कारण जलापूर्ति बाधित है। जिस पर सम्बंधित से सम्पर्क स्थापित कर सुधार कराया जा रहा है एवं साथ ही 01 नग योजना जो ट्रायल एण्ड रन चरण में है का कार्य पूर्ण कराने तथा नियमित पेयजलापूर्ति करने के लिये सम्बंधित प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया है। जलापूर्ति से सम्बंधित प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित अभियन्ताओं एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित कर दिया गया है।

भवदीय,

Ravi

(रवि प्रताप सिंह)
सहायक अभियन्ता

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।
प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- अपर जिलाधिकारी महोदय (नमामि गंगे) महोबा।
2- अधिशासी अभियन्ता महोदय, महोबा।
3- सम्बंधित जूनियर इंजीनियर।
4- मो0 अशफाक खान, (टी.पी.आई. सेन्सिस) महोबा।

Ravi

सहायक अभियन्ता



Scanned with CamScanner